<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 621

07 फरवरी, 2018 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) द्‌वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में व्यय की गई धनराशि

621. श्री कपिल सिब्बलः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड द्‌वारा अगस्त 2014 से लेकर अब तक कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत व्यय की गई कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) 'सेल' द्‌वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं/ कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह सच है अगस्त 2014 से लेकर अब तक सेल की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी धनराशि का विशिष्ट राजनैतिक दलों के एजेंडे के प्रचार हेतु उपयोग किया जा रहा था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) द्‌वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के लिए व्यय की गई कुल राशि वर्ष 2014-15 में 35.04 करोड़ रुपए, वर्ष 2015-16 में 76.16 करोड़ रुपए और वर्ष 2016-17 में 29.05 करोड़ रुपए थी।

:(ग) और (ख) सेल सीएसआर कार्य अपनी सीएसआर नीतियों के आधार पर और कंपनी अधिनियम, एवं अनुसूची 135 की धारा 2013 VII के प्रावधानों, जोकि समय समय पर यथा-संशोधित हैं, को ध्यान में रखकर विभिन्न क्षेत्रों में करता है, जिनमें मुख्य रूप से शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना, सफाई व्यवस्था, जल सुविधाओं की उपलब्धता, ग्रामीण विकास, पर्यावरण स्थिरता, महिला सशक्तिकरण, खेल, कला, संस्कृति एवं धरोहर संरक्षण को बढ़ावा देना इत्यादि शामिल हैं।

******